## सीनेट : बीएससी नर्सिंग की हर सीट पर 11 दावेदार

**14 हजार सीटों के लिए 1.48 लाख से अधिक आवेदन**

लखनऊ। अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित कॉमन नर्सिंग एंट्रेंस टेस्ट (सीनेट) 2026 में इस बार रिकॉर्ड संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्रदेश में बीएससी नर्सिंग की करीब 14 हजार सीटों के लिए 1,48,268 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इस हिसाब से एक सीट पर करीब 11 उम्मीदवार दावेदारी कर रहे हैं। इनमें सरकारी और निजी दोनों नर्सिंग कॉलेजों की सीटें शामिल हैं। सीनेट 2026 के आंकड़ों ने पिछले वर्षों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। वर्ष 2025 में जहां कुल 1,30,929 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, वहीं इस बार यह संख्या बढ़कर 1,48,268 पहुंच गई है।

एक वर्ष में कुल आवेदनों में 13.24% की वृद्धि दर्ज की गई है। विशेषज्ञों के अनुसार स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ते रोजगार अवसरों और स्थायी नौकरी की संभावनाओं ने बड़ी संख्या में युवाओं को नर्सिंग क्षेत्र की ओर आकर्षित किया है। कुलपति डॉ. अमित देवगन ने बताया कि नर्सिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए 6 जून को सीनेट परीक्षा आयोजित होगी, जिसकी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। अभ्यर्थियों में सबसे अधिक उत्साह चार वर्षीय बीएससी नर्सिंग कोर्स को लेकर है।

कोविड महामारी के बाद हेल्थकेयर सेक्टर की अहमियत तेजी से बढ़ी है। सरकारी अस्पतालों के विस्तार, निजी मेडिकल संस्थानों की बढ़ती संख्या और विदेशों में प्रशिक्षित नर्सों की मांग ने युवाओं की सोच को बदल दिया है। ब्यूरो

## पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा 2 जून से


**इस बार 4.25 लाख छात्र-छात्रा होंगे शामिल**

लखनऊ। प्रदेश के राजकीय व निजी पॉलिटेक्निक संस्थानों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए यूपी संयुक्त प्रवेश परीक्षा (यूपी जेईई) प्रवेश परीक्षा 2 से 9 जून के बीच आयोजित होगी। प्रवेश परीक्षा प्रदेश के सभी जिलों में स्थित 175 परीक्षा केन्द्रों पर कंप्यूटर आधारित (सीबीटी) माध्यम से होगी।

संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा प्रतिदिन तीन पालियों में होगी। इसमें सुबह 08 से 10:30 बजे तक, दोपहर 12 से 02:30 बजे तक तथा शाम 04 से 06:30 बजे तक की पाली निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए ऑनलाइन मॉक टेस्ट लिंक परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है। इससे छात्र वास्तविक परीक्षा का अनुभव ले सकते हैं। अभ्यर्थी अपनी ई-मेल आईडी के माध्यम से पंजीकरण कर मॉक टेस्ट दे सकते हैं। ब्यूरो







# सफलता का एक ही मंत्र... क्वालिटी, क्वालिटी, क्वालिटी

sanjivani SINCE 1975

**संजीवनी ग्रुप का 51 साल का स्वर्णिम सफर**

**50 पैसे से राष्ट्रीय विरासत तक: भारत में चाय सिर्फ एक पेय नहीं, बल्कि मेहमाननवाज़ी, अपनापन और परंपरा का प्रतीक मानी जाती है। इसी भावना को पिछले 51 वर्षों से जीवित रखे हुए है 'Sanjivani Tea' असम के चाय बागानों में 50 पैसे रोज़ की नौकरी से शुरू हुई यह कहानी आज भारत और मिडिल ईस्ट के सुपरमार्केट तक पहुंच चुकी है।**

Sanjivani Tea की नींव उस दौर में पड़ी, जब इसके संस्थापक श्री डूंगरमल जी असम के चाय बागानों में काम करते थे। सीमित वेतन के बावजूद उन्होंने चाय की पत्तियों, मिट्टी, बीज और ब्लेंडिंग की ऐसी समझ विकसित की, जिसने आगे चलकर एक भरोसेमंद भारतीय ब्रांड को जन्म दिया। वर्ष 1975 में 'Sanjivani' के नाम से ब्रांड पंजीकृत हुआ और आज यह भारत के प्रमुख हेरिटेज फूड ब्रांड्स में गिना जाता है।



**➢ परंपरा और आधुनिकता का संगम**

अपने पूर्वजों के विज़न को आगे बढ़ाते हुए Sanjivani Group की दूसरी, तीसरी और चौथी पीढ़ी ने व्यापार को नए आयाम दिए हैं। परंपरा और आधुनिक सोच के संतुलन के साथ आज Sanjivani Group हर पीढ़ी की पसंद के अनुरूप उत्पाद बाजार में उतार रहा है और अपनी मजबूत उपस्थिति से लगातार विस्तार कर रहा है। कंपनी के पास आज भारत के 20 राज्यों में 100 सुपरस्टॉकिस्ट, 2000 डिस्ट्रीब्यूटर और 50,000 रिटेल काउंटर का नेटवर्क है।

**➢ स्वाद और भरोसे पर बनी पहचान**

Sanjivani Tea की सबसे बड़ी ताकत उसका लगातार एक जैसा स्वाद और गुणवत्ता बनाए रखना है। कंपनी के अनुसार, उनके टी ब्लेंड्स बेहद प्रशिक्षित टीम की निगरानी में तैयार किए जाते हैं, जिनमें संस्थापक द्वारा विकसित पारंपरिक ब्लेंड्स का विशेष ध्यान रखा जाता है।

पिछले एक दशक से अधिक समय से कंपनी चुनिंदा टी गार्डन्स से ही चाय की पत्तियां खरीद रही है, ताकि ग्राहकों को हर बार वही भरोसेमंद स्वाद मिल सके। गुणवत्ता को लेकर कंपनी इतनी आश्वस्त है कि असंतुष्ट ग्राहक उत्पाद वापस भी कर सकते हैं।

ब्रांड की सबसे बड़ी यूएसपी है—चाय का चार पीढ़ियों का अनुभव और क्षेत्रीय स्वाद की गहरी समझ। कंपनी अलग-अलग राज्यों की पसंद के अनुसार टी ब्लेंड्स और बेकरी उत्पादों की मिठास तक को कस्टमाइज़ करती है।



**➢ चाय से आगे बढ़ता फूड ब्रांड**

Sanjivani अब केवल चाय तक सीमित नहीं है। आज कंपनी रस्क, कुकीज, डोनट्स और केक जैसे उत्पादों में भी मजबूत पहचान बना चुकी है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के Reliance Stores में Sanjivani Tea चाय कैटेगरी में तीसरे स्थान पर पहुंच चुकी है। वहीं ट्रेड मार्केट में 14% हिस्सेदारी हासिल कर ली है। पिछले वर्ष 730 प्रतिशत की तेज़ वृद्धि के साथ यह पंजाब के टॉप 5 रस्क ब्रांड्स में शामिल हो चुका है।

**➢ आधुनिक प्लांट और मजबूत टीम**

Sanjivani Group के पास चाय के लिए तीन और रस्क-कुकीज़ के लिए दो आधुनिक ब्लेंडिंग एवं पैकेजिंग प्लांट हैं।

**➢ हर शेल्फ पर Sanjivani**

हमारे प्रमुख रिटेल नेटवर्क : Reliance Retail के Smart Bazaar, Smart Point और Signature Stores शामिल हैं। हमारा 1 किलो Family Pack Rusk, Reliance, V-Mart, Aadhar Mart में स्टार प्रोडक्ट है। साथ ही JioMart, Instamart, BigBasket, Lot's Wholesale और Amazon जैसे टॉप ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर भी Sanjivani ग्राहकों की पसंद बना हुआ है। Sanjivani कड़क चाय, 1 किलो फैमिली पैक रस्क और डोनट्स कंपनी के सबसे लोकप्रिय उत्पादों में शामिल हैं। यूपी, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली-एनसीआर और उत्तराखंड इसके प्रमुख बाज़ार हैं। अब आप Sanjivani Donut उत्तर प्रदेश के सभी Smart Bazaar और Smart Point (Reliance Retail) स्टोर्स पर पा सकते हैं।

Reliance RETAIL | SMART BAZAAR

**➢ अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में बढ़ते कदम**

Sanjivani ने अब वैश्विक स्तर पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज करानी शुरू कर दी है। मिडिल ईस्ट में विस्तार के लिए कंपनी ने यूएई की Al-Oasis रिटेल चेन के साथ साझेदारी की है। इसके अलावा नेपाल में एंट्री और पूर्वी भारत में विस्तार की योजना पर भी काम चल रहा है।

कंपनी का लक्ष्य वर्ष 2027 तक दुबई में रीजनल ऑफिस स्थापित कर अरब देशों और साउथ अफ्रीका के बाजारों तक पहुंच बनाना है।




**यूपी अचीवर्स 2026 में संजीवनी ग्रुप हुआ सम्मानित**



अमर उजाला संवाद में संजीवनी ग्रुप को यूपी अचीवर्स 2026 से सम्मानित किया गया। एफएमसीजी क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने संजीवनी ग्रुप के मॉडर्न ट्रेड डायरेक्टर राहुल सैनी को यह सम्मान प्रदान किया।

**Partnered firm:** Reliance SMART SUPERSTORE | JioMart | Carrefour | V MART Price 'Less' Fashion | Amartex BRAND TRUSTED BY MILLIONS | BRAND TRUSTED BY MILLIONS आधार सुपरमार्केट | SWIGGY instamart NEVER WAIT FOR GROCERIES AGAIN

**BREAKFAST COMPANY SANJIVANI GROUP**
CONTACT NO. : +91 9776717671


## पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक | pnb | punjab national bank ...the name you can BANK upon! (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

**सीओ : एसएएम; सर्कल कार्यालय: बुलंदशहर**
**पता: यमुनापुरम, बुलंदशहर, उ.प्र.-203001**
**Mob: 9229756996, Phone: 05732-281724, e-mail: cobsrsamd@pnb.bank.in; CS8212@pnb.bank.in**

पिछले पेज का शेष भाग ....

**प्रत्याभूतित परिसंपतियों की अनुसूची**

| लॉट नं. | शाखा का नाम / एकाउंट का नाम / ऋणकर्ता/गारंटरों खाता का नाम एवं पता | रेहन रखी गई अचल संपत्तियों का ब्यौरा/मालिक का नाम (संपत्ति(यों) के रेहनकर्ता ) | ए) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना की तिथि<br>बी)------- बकाया राशि<br>सी) सरफेसी एकट 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जा तिथि<br>डी) कब्जे का प्रकार सांकेतिक/भौतिक/ निर्माणात्मक | ए) आरक्षित मूल्य राशि रू. में<br>बी) ईएमडी<br>सी) बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथि/ समय | प्रत्याभूतित ऋणदाताओं को ज्ञात ऋणभार की जानकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31. | पीएनबी नबीनगर<br>**सूरज सिंह पुत्र जय पाल सिंह** निवासी 172, न्यू गनवा अकबरपुर माजरा भुड चांदपुर, जिला बुलंदशहर उ.प्र. 203001 | सूरज सिंह पुत्र जयपाल सिंह के नाम में चांदपुर परगना वारन जिला बुलंदशहर में स्थित 83.66 वर्ग मीटर माप का एक आवासीय एक मंजिला घर (अब मकान सं. 218, खसरा सं. 155) सीमाएं निम्न अनुसार हैं :-<br>**पूर्व:** दीगार मलिक का घर, **पश्चिम :** रास्ता 15 फुट चौड़ा, **उत्तर :** बुद्धपाल का घर, **दक्षिण :** खैलादी का प्लॉट।<br>***संपत्ति का विवरण टाईटल डीड के अनुसार है*** | A) 01.08.2025<br>B) Rs. 10,01,482.53 31.07.2025 तक<br>C) 26.11.2025<br>D) सांकेतिक कब्जा | A) Rs. 24,68,000/-<br>B) Rs. 2,46,800/-<br>C) Rs. 10,000/- | **23.06.2026**<br>पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे | एनए |

**शर्तें व नियम :** यह बिक्री प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों और निम्न अतिरिक्त शर्तों के तहत होगी : 1. सम्पत्तियों की बिक्री ''जैसे हैं जहाँ है आधार, जैसे है जो है तथा **जो कुछ वहां है के आधार पर**'' पर की जाएगी। 2. उपरोक्त निर्दिष्ट अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार वर्णित किया गया है, परन्तु प्राधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत कथन या विलोपन हेतु उत्तरदायी नहीं होगा। 3. बिक्री वेबसाईट **https://Baanknet.com** पर उपलब्ध करवाए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के जरिये अधोहस्ताक्षरी द्वारा 08.06.2026 एवं 23.06.2026 @ पूर्वा. 11.00 बजे की जाएगी। 4. बिक्री की विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया **https://Baanknet.com & www.pnbindia.in.** पर जाएं।

**सरफेसी एक्ट 2002 के नियम 8(6)के तहत संवैधानिक बिक्री सूचना**

दिनांक : 21.06.2026, स्थान : बुलंदशहर

प्राधिकृत अधिकारी,प्रत्याभूतित ऋणदाता, पंजाब नैशनल बैंक, सर्कल सस्त्रा सेंटर, बुलंदशहर